# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
## मध्यप्रदेश

क्र. / प्रशिक्षण / 2020 /                                                   भोपाल, दिनांक    / 07 / 2020

## / / आदेश / /

प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्यनरत् छात्रों को 12 माह की इन्टर्नशिप अनिवार्य रूप से की जानी है इसमें 6 माह की इन्टर्नशिप ऐलोपैथी में पूर्ण की जानी है । इन्टर्नशिप के दौरान इन्टर्न को विभिन्न विधाओं में क्लीनिकल प्रशिक्षण के साथ–साथ इमरजेंसी डियूटी एवं फील्ड विजिट तथा अस्पताल प्रबन्धन जैसे विषयों का भी प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इन्टर्नशिप पूर्ण होने पर इन्टर्नस् का आन्तरिक मूल्यांकन किया जावेगा एवं इसमें कम से कम 60% अंक आने पर ही इन्टर्नशिप को पूर्ण माना जावेगा। 06 माह की एलोपैथीक इन्टर्नशिप हेतु **संलग्न सूची** अनुसार जिला चिकित्सालय का आवंटन किया गया है। इन्टर्नशिप हेतु शर्तें एवं संपादित किये जाने वाले कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :–

- इन्टर्नशिप अधिकतम् 06 माह की अवधि की रहेगी तथा इस दौरान इन्टर्न को संबंधित जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी / संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा ।
- इन्टर्न के द्वारा अनुशासित व्यवहार अपेक्षित है। अनुशासनहीनता करने पर संबंधित जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक इन्टर्नशिप बीच में ही समाप्त करने के लिए अधिकृत होंगे ।
- इन्टर्नशिप के दौरान इन्टर्न के द्वारा लापरवाही एवं जानबूझकर किये गये किसी कृत्य से शासकीय सम्पति की हानि होने पर उसकी भरपाई संबंधित इन्टर्न से की जावेगी ।
- इन्टर्नशिप हेतु जिला चिकित्सालय आवंटित किया गया है किन्तु संबंधित सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक / मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आवश्यकता अनुसार जिले की अन्य संस्थाओं में भी इन्टर्न को पदस्थ कर सकते हैं।
- इन्टर्नशिप की अवधि लगातार रहेगी तथा इसे एक बार में ही पूर्ण करना होगी ।
- इन्टर्न को कार्य के दौरान निर्धारित यूनिफार्म / एप्रिन पहनना अनिवार्य होगा ।
- इन्टर्न को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का स्टायपण्ड / भत्ता नहीं दिया जावेगा ।
- इन्टर्न को फ़ील्ड विजिट पर संबंधित कार्यक्रम अधिकारी / आर.बी.एस.के. टीम के साथ भेजा जाऐगा ।
- इन्टर्न को माह में कम से कम 03 दिवस इमरजेंसी डियूटी करना भी अनिवार्य होगा ।
- इन्टर्नशिप के दौरान प्रत्येक इन्टर्न को कम से कम तीन बार आर.बी.एस.के. टीम के साथ एवं तीन बार ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का भ्रमण करना अनिवार्य होगा ।
- इन्टर्नशिप पूर्ण होने पर संबंधित विधा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की सहायता से इनका मूल्यांकन किया जावेगा एवं 60% से अधिक अंक प्राप्त होने पर ही सफलतापूर्वक इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाणपत्र सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा प्रदान किया जावेगा ।

➢ 06 माह की ऐलोपैथी इंटर्नशिप की अवधि आयुर्वेद इंटर्नशिप की समाप्ति तिथी से 06 माह पूर्ण होने पर मानी जावेगी।

इन्टर्नशिप के दौरान विभिन्न विधाओं के विभागों के तहत की जानेवाली इन्टर्नशिप की अवधि, उनके आचरण एवं व्यवहार, इमरजेंसी डियूटी तथा फील्ड विजिट आदि के आधार पर मूल्यांकन किया जावेगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | विवरण | अवधि / संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | आचरण एवं व्यवहार | | 05 |
| 2 | **विभिन्न विधाओं में क्लीनिकल प्रशिक्षण** | | |
| | मेडिसिन | 01माह | 05 |
| | शिशु एवं बालरोग –एसएनसीयू, वार्ड एवं ओपीडी | 03 सप्ताह | 10 |
| | एनआरसी | 01सप्ताह | 05 |
| | प्रसूति विभाग | 01माह | 10 |
| | सर्जरी | 01सप्ताह | 05 |
| | टीकाकरण | 01सप्ताह | 10 |
| | समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम | 01सप्ताह | 10 |
| 3 | **कोविड से बचाव एवं उपचार संबंधित प्रशिक्षण** | 02सप्ताह | 10 |
| 4 | फील्ड विजिट– | | |
| | आर.बी.एस.के.टीम के साथ | 03विजिट | 10 |
| | ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस | 03विजिट | 05 |
| | इमरजेंसी डियूटी | 03 (प्रति माह) | 05 |
| 5 | **अस्पताल प्रबंधन–** सामान्य व्यवस्था, साफ सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट आदि | 02 सप्ताह | 10 |
| | पूर्ण अवधि / पूर्णांक | 06 माह | 100 |

//
(डॉ. प्रज्ञा तिवारी)
उप संचालक,(प्रशिक्षण)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.
भोपाल, दिनांक 22/07/2020

पृ.क्र. / प्रशिक्षण / 2020 / 343
प्रतिलिपिः–सूचनार्थ ।

1. संयुक्त संचालक, आयुष, सतपुडा भवन, भोपाल ।
2. प्रधानाचार्य, शा. स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, उज्जैन एवं ग्वालियर, म.प्र. ।
3. संयुक्त संचालक, प्रशिक्षण, स्थानीय कार्यालय, भोपाल, म.प्र.।
4. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक देवास, झाबुआ, शाजापुर, उज्जैन एवं टीकमगढ़, म.प्र.। कृपया इंटर्न को उपरोक्तानुसार आर.बी.एस.के. टीम के साथ तथा ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण आहार दिवस में जिला टीकाकरण अधिकारी के साथ भ्रमण हेतु भेजना सुनिश्चित करें। प्रत्येक विजिट पर पृथक–पृथक आर.बी.एस.के. टीम के साथ भ्रमण पर भेजा जाए तथा एक बार में अधिकतम 02 इन्टर्न ही साथ में भेजे जाए ।
4. अधीक्षक, सिविल हॉस्पिटल बैरागढ़, जिला भोपाल।

Pragya 22/7/20
उप संचालक (प्रशिक्षण)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.

**शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्ययनरत् आयुर्वेद स्नातक को 06 माह की एलोपैथी इंटर्नशिप हेतु आवंटित जिला चिकित्सालय की सूची**

| क्र. | नाम | आवंटित जिला चिकित्सालय |
|---|---|---|
| 1 | ध्रुव सिंह | जिला चिकित्सालय देवास |
| 2 | सैयद तनवीर अल्ताफ | जिला चिकित्सालय देवास |
| 3 | संतोष कुमारं जाटव | जिला चिकित्सालय देवास |
| 4 | चंचलेश बेलवंशी | जिला चिकित्सालय देवास |
| 5 | रत्नेश कुमार द्विवेदी | जिला चिकित्सालय देवास |
| 6 | राघवेन्द्र सिंह लोधी | जिला चिकित्सालय देवास |
| 7 | दिग्विजय सिंह वासुनिया | जिला चिकित्सालय झाबुआ |
| 8 | अजय सिंह कछावा | जिला चिकित्सालय शाजापुर |
| 9 | अवधेश राठौर | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 10 | तारेन्द्र सिंह सोनगरा | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 11 | खुशबू दुबे | सिविल हॉस्पिटल, बैरागढ़, जिला भोपाल |
| 12 | सौम्या दीक्षित | जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ |
| 13 | भावना कोलारे | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 14 | शिवांगी राठौर | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 15 | पूर्णिमा मीना | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 16 | दीपांशी नेमा | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 17 | संस्कृति नेमा | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 18 | महिमा अष्ठाना | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 19 | सोनाली डुंगरवाल | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 20 | कीर्ति सिसोदिया | जिला चिकित्सालय उज्जैन |
| 21 | जुली कोटवानी | जिला चिकित्सालय शाजापुरा |
| 22 | नीलेश विश्वकर्मा | जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ |

(डॉ. प्रज्ञा तिवारी)
उप संचालक (प्रशिक्षण)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.